# न्यायालय–संतोष तिवारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नागदा, जिला–उज्जैन (म.प्र.)

RCT-559/2022
Filling No-1440/2022
CNR-MP1308001724-2022
Filing Date-12-10-2022

म.प्र. राज्य द्वारा आरक्षी केन्द्र
नागदा, जिला उज्जैन (म.प्र.) ................. **अभियोजन**

**// वि रु द्ध //**

रामू पिता नागूराम धाकड़ उम्र 38 वर्ष,
निवासी ग्राम बेरछा थाना नागदा,
तहसील नागदा, जिला उज्जैन (म.प्र.)

........................ **अभियुक्त**

**// उपार्पण–आदेश //**

**( आज दिनांक–19/12/2022 को पारित )**

| **क0** | **मामले का विवरण** | |
|---|---|---|
| **1.** | पुलिस थाना | नागदा |
| **2.** | अपराध क्रमांक | 353/2022 |
| **3.** | धारा | 435 भा.दं.सं. |
| **4.** | आरोपी की गिरफ्तारी दिनांक | धारा 41–क द.प्र.सं. के सूचना पत्र के पालन में उपस्थित। |
| **5.** | आरोपी का न्यायालय में प्रस्तुति दि. | 12.10.2022 |
| **6.** | निरोध/जमानत | आरोपी जमानत पर है। |

**1.** इस आदेश से अभियुक्त के विरुद्ध थाना नागदा के अपराध क्र. 353/2022 अंतर्गत धारा 435 भारतीय दण्ड संहिता एक्ट के अंतर्गत यह अभियोग पत्र धारा 209 दं.प्र.सं. के अन्तर्गत उपार्पित किया जा रहा है।

**2.** प्रकरण में यह अविवादित तथ्य है कि आरोपी जमानत पर है।

**3.** अभियुक्त के विरूद्ध धारा–435 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत अपराध अभियोग है जो अनन्यतः माननीय सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय है। अतः मामला अग्रिम कार्यवाही/विचारण हेतु माननीय अभिषेक सक्सेना अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश महोदय, नागदा, जिला उज्जैन की ओर उपार्पित किया जाता है।

**4.** उपार्पण की सूचना माननीय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय, नागदा, जिला उज्जैन, लोक अभियोजक नागदा, नायब नाजिर नागदा, थाना प्रभारी, थाना नागदा जिला उज्जैन को भेजी जावे।

**5.** थाना प्रभारी, पुलिस थाना नागदा/नायब नाजिर नागदा को निर्देशित किया जाता है कि प्रकरण में जब्तशुदा मुद्देमाल मालखाना सम्पत्ति पर्चा सहित आगामी नियत **दिनांक 06/01/2023** पर प्रातः 11:00 ए.एम. माननीय अभिषेक सक्सेना अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश महोदय, नागदा जिला उज्जैन के समक्ष अविलम्ब प्रस्तुत करें।

**6.** आरोपी जमानत पर हैं। अतः उसे निर्देशित किया जाता है कि माननीय अभिषेक सक्सेना अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश महोदय नागदा, जिला उज्जैन (म.प्र.) में अपने अधिवक्ता सहित **दिनांक 06/01/2023** को प्रातः 11:00 ए.एम. पर उपस्थित रहे।

**7.** प्रकरण विधिवत् तैयार किया जाकर मय केस डायरी सम्बन्धित न्यायालय में भेजा जावे। आदेश को विधिवत सी0आई0एस0 में अपलोड किया जाये।

स्थान–नागदा
दिनांकः–19.12.2022

मेरे उद्बोधन पर लिखा गया।

**सही/–**
**(संतोष तिवारी)**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नागदा
जिला उज्जैन म0प्र0